SHRI GURVINDER SINGH

Shri Gurvinder Singh is Founder President of Bhai Kanhaiya Manav Sewa Trust Sirsa in Haryana.

2. Born on January 04, 1969, Shri Gurvinder Singh completed his secondary education from Sirsa. After schooling, he worked as a mechanic of agriculture equipment. He met with an accident and was paralyzed. Doctors declared that he would have to pass his entire life on the wheel chair.

3. During his treatment at hospital, Shri Gurvinder Singh saw that there was an N.G.O. which used to serve free milk and bread in morning & evening to all the patients and attendants with them. Having impressed by it, he decided to start free milk service in civil hospital Sirsa to all patients. He also founded Bhai Kanhaiya Manav Seva Trust in Sirsa. Since August 2006, the trust has organized 56 blood donation camps to serve humanity. The Trust also runs Bhai Kanhaiya Ambulance Service in Sirsa, Ellenabad & Rania town. Since July 2008, more than 10844 accident victims & child delivery cases have been attended by Ambulance services given by the Trust.

4. Shri Gurvinder Singh's Trust also runs 'Bhai Kanhaiya Ashram' in Sirsa since 2010 for homeless orphan & destitute children, women & old age men. It is a house for more than 406 Divyang persons in all. The Trust bears all the expenses like food, clothing and medical treatment etc. free of cost. The Trust has sent 380 persons to their homes after recovery from their bad conditions. The Trust also runs 'Bhai Kanhaiya Shiksha Sansthan' in Sirsa for homeless, orphan and B.P.L. Children, where 250 Children are studying. The trust provides them all services free of cost like transport, books, stationery, bags, school dress & mid day meal.

5. Shri Gurvinder Singh has also been working for environmental protection. His Trust has a nursery. In rainy seasons, the trust plants saplings and also provides them to public for plantation free of cost. To aware general public about the protection of Mother Nature, the Trust has grown a jungle in one acre of land. The trust also runs potable water tanks for public in summer season at different places. The trust organized medical camps and distributed free medicine. The trust also Runs Silai Centre in Talwara Khurd, Ellenabad.

श्री गुरविंदर सिंह

श्री गुरुविंदर सिंह हरियाणा में भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट सिरसा के संस्थापक अध्यक्ष हैं।

2. 04 जनवरी, 1969 को जन्मे, श्री गुरविंदर सिंह ने सिरसा से अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की। स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने कृषि उपकरण मैकेनिक के रूप में काम किया। उनके साथ घटित दुर्घटना के बाद वह लकवाग्रस्त हो गए। डॉक्टरों ने घोषणा की कि उन्हें व्हील चेयर पर ही अपना पूरा जीवन गुजारना होगा।

3. अस्पताल में अपने इलाज के दौरान, श्री गुरविंदर सिंह ने देखा कि वहां एक गैर सरकारी संगठन सभी रोगियों और उनके परिचारकों को सुबह–शाम मुफ्त दूध और रोटी परोसता था। इससे प्रभावित होकर, उन्होंने सिरसा सिविल अस्पताल में सभी रोगियों के लिए मुफ्त दुग्ध सेवा शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने सिरसा में भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट की भी स्थापना की। अगस्त 2006 से, ट्रस्ट ने मानवता की सेवा के लिए 56 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया है। यह ट्रस्ट सिरसा, एलेनाबाद और रानिया शहर में भाई कन्हैया एम्बुलेंस सेवा भी चलाता है। जुलाई 2008 से, ट्रस्ट द्वारा दी गई एम्बुलेंस सेवाओं के माध्यम से 10844 से अधिक दुर्घटना पीड़ितों और शिशु प्रसव के मामलों को निपटाया गया है।

4. श्री गुरुविंदर सिंह का ट्रस्ट बेघर अनाथ और बेसहारा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए वर्ष 2010 से सिरसा में 'भाई कन्हैया आश्रम' भी चला रहा है। यह 406 से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों का आवास है। यह ट्रस्ट खाद्य, वस्त्र और चिकित्सा उपचार आदि जैसे सभी खर्चों को वहन करता है। ट्रस्ट ने 380 व्यक्तियों को उनके बुरे हालातों से उबारकर उन्हें उनके घरों तक पहुंचाया है। यह ट्रस्ट बेघर, अनाथ और गरीबी रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वाले बच्चों के लिए सिरसा में 'भाई कन्हैया शिक्षा संस्थान' भी चलाता है, जहां 250 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यह ट्रस्ट उन्हें परिवहन, पुस्तकें, स्टेशनरी, बैग, स्कूल ड्रेस और मिड डे मील जैसी सभी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करता है।

5. श्री गुरुविंदर सिंह पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्य कर रहे हैं। उनके ट्रस्ट में एक नर्सरी है। वर्षा ऋतु में, यह ट्रस्ट पौधे लगाता है और वृक्षारोपण के लिए जनता को ये पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। आम जनता को प्रकृति माता की सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए, ट्रस्ट ने एक एकड़ भूमि में जंगल उगाया है। ट्रस्ट विभिन्न स्थानों पर गर्मियों के मौसम में जनता के लिए पेयजल टैंक भी संचालित करता है। ट्रस्ट ने चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया और मुफ्त दवा वितरण किया। ट्रस्ट तलवारा खुर्द, एलेनाबाद में सिलाई केंद्र भी चलाता है।